नेपाल ने BIMSTEC चार्टर को स्वीकृति प्रदान की

सरोत: डी.डी. न्यूज़

नेपाल की संघीय संसद में **बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिये बंगाल की खाड़ी पहल (BIMSTEC)** , **चार्टर** की स्वीकृति क्षेत्रीय सहयोग एवं आर्थिक समृद्धि की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

- **BIMSTEC चार्टर** को पाँचवें BIMSTEC शिखर सम्मेलन, 2022 के दौरान अपनाया गया था। चार्टर, सदस्य देशों के बीच सहयोग के सिद्धांतों और संरचनाओं को निर्धारित करने वाले **मूलभूत दस्तावेज़** के रूप में कार्य करता है। नेपाल के अलावा, BIMSTEC के **अन्य छह सदस्य देश पहले ही BIMSTEC चार्टर का समर्थन** कर चुके हैं।
- वर्ष **1997** में गठित BIMSTEC, बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के देशों के बीच आर्थिक समृद्धि, सामाजिक प्रगति, वैज्ञानिक उपलब्धि, शांति और स्थिरता पर केंद्रित है।
    - इसे प्रारंभ में **BIST-EC (बांग्लादेश-भारत-श्रीलंका-थाईलैंड आर्थिक सहयोग)** के रूप में जाना जाता था, संगठन में अब **सात सदस्य देश** (बांग्लादेश, भूटान, **भारत**, म्याँमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड) शामिल हैं।
- भारत BIMSTEC को अपनी 'एक्ट ईस्ट' नीति का अभिन्न अंग मानता है, जो **हिंद महासागर** में व्यापार और सुरक्षा हितों को आगे बढ़ाते हुए दक्षिण पूर्व एशिया में क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देता है। यह क्वाड देशों के इंडो-पैसिफिक **दृष्टिकोण** के साथ भी संरेखित है।



और पढ़ें: BIMSTEC

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nepal-moves-to-ratify-bimstec-charter